## खबर संक्षेप

### उपकेंद्र बाबूपुर और भटनवारा से संबंधित फीडरों में आज सप्लाई रहेगी बंद

**सतना।** कार्यपालन अभियंता (विद्युत) ने बताया कि 26 जून को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक उपकेंद्र सोनौरा में 33 केव्ही मेनबेस में नया जंफर लगाने मेंटीनेंस कार्य किया जायेगा। इस दौरान 33/11 केव्ही उपकेंद्र भटनवारा और बाबूपुर से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

### 27 जून को मां शारदा मंदिर पहाड़ी मैहर में रोपवे बंद रहेगा



**मैहर।** त्रिकूट पर्वत पर विराजी मां शारदा देवी पहाड़ी में संचालित रोपवे 27 जून को सुबह 7 से दोपहर 12 तक बंद रहेगा। बताया जाता है कि एनडीआरफ के द्वारा रोपवे में मॉक ड्रिल रिहर्सल करने का प्रोग्राम है। इस लिए सभी दर्शनार्थियों के लिए रोपवे का संचालन 12 बजे तक बंद रहेगा।

### अधिक से अधिका मैहर का विकास होगा:धर्मेन्द्र

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भोपाल प्रवास के दौरान संस्कृति एवं पर्यटक मंत्री धर्मेंद्र लोधी से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान मां शारदा की पवित्र नगरी मैहर में पर्यटक के क्षेत्र में नई दिशा एवं दशा के संबंध में मंत्री धर्मेंद्र लोधी से कई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जिस पर मंत्री ने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को आश्वासन दिया है कि मैं जल्द ही मैहर आऊंगा और मां शारदा की पवित्र नगरी को पर्यटक के क्षेत्र में जितना भी विकास हो सकेगा हम अधिक से अधिक करने का पूरा प्रयास करेंगे।

### महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया योग दिवस



**मैहर।** महर्षि विद्या मंदिर में महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शान्ति' आंदोलन स्के संयुक्त तत्वाधान में 'स्वयं और समाज के लिए योग'थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा गुरु परंपरा पूजन के बाद विद्यालय के ध्यान एव सिद्धी शिक्षक राम बरन सविता के निर्देशन में सूर्य नमस्कार एव विभिन प्रकार के योगासनों अभ्यास किया। तत्पश्चात प्राणायाम एवं भावातीत ध्यान का अभ्यास किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज सिंह परिहार द्वारा योग दिवस की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को योग एवं भावातीत ध्यान से स्वास्थ्य में होने वाले अनुकूल प्रभावों को विस्तार से बताया। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये।

### जनसुनवाई में 75 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्यायें सुनी।

जनसुनवाई में 75 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने,चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## सड़के चलने लायक नहीं, गली-मोहल्ले में भी हालत खराब, किससे करें फरियाद ?

# जन प्रतिनिधियों की आपसी खींचतान से नागरिकों की फजीहत

**सतना।** जब स्मार्ट सिटी का आकार देने के लिए सतना का चयन किया गया था,उस वक्त नगर निगम में तत्कालीन महापौर ने ढोल नगाड़े की साथ खुशी मनाई थी और मिठाइयां भी बांटी गईं थीं। सपना देखा गया था कि आने वाले कुछ सालों में सतना महानगरों की तर्ज पर बन जाएगा और यहां के लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। पूरे जिले में चर्चा थी कि सतना स्मार्ट सिटी बनने जा रहा है। धीरे-धीरे समय बीतता गया काम भी शुरू होता गया ऐसा लगने लगा कि वाकई सतना स्मार्ट बनने जा रहा है। फिर क्या दिन महीने छोड़िए साल गुजर गए,कई साल गुजर गए। महापौर बदल गए,लेकिन तस्वीर पहले जैसी नहीं रही बल्कि बदसूरत हो गई।जहां देखिए वहां बिना किसी प्लान के सब कुछ नजर आ रहा है। सीवर लाइन को सेट करने के लिए शहर की बड़ी चौड़ी मजबूत कंक्रीट सड़कों को तो तोडा ही गया,गली मोहल्ले की सकरी गलियों को भी खोदकर तहस-नहस कर दिया गया। जब हालात यह है कि अब पैदल चलना भी मुनासिब नहीं हो रहा है। पैदल चलने पर भी लोग फिसल कर गिर जाते हैं क्योंकि सड़के नहीं है गड्ढे हैं गड्ढे थोड़े बहुत नहीं बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन फिसल जा रहे हैं किसी के पैर तो किसी के हाथ में चोट लग रही है लोग एक दूसरे से तकलीफ साझा कर रहे हैं,पर यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी कौन सुनेगा किस से फरियाद करें।



### आखिर वजह क्या है ?

वर्षों गुजर गए भाजपा की सरकार थी और आज भी है। लेकिन यहां पर जाने प्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति में हमेशा से कमी देखी गई है। मसलन यूं कहें कि जन प्रतिनिधियों में एकरूपता का अभाव है। ऐसा नहीं है कि सतना को खूबसूरत नहीं बनाया जा सकता। संभव है। लेकिन यह तब जब जन प्रतिनिधि बिना किसी भेदभाव के एक होकर सतना को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए पूरी मेहनत से कम करें तो 5 साल बहुत होते हैं। यहां तो दशको गुजर गए,नतीजा ढाक के तीन पात रहा।पता नहीं कि नेताओं में खींचतान किस बात को लेकर है।अगर यही रहा तो हालात और भी बद से बद्तर हो जाएंगे।

### जन प्रतिनिधि दौरा नहीं करते

नागरिक इस बात को लेकर आश्चर्यचकित है कि नगर निगम के चुनाव में,विधानसभा के चुनाव में और लोकसभा के चुनाव में जन प्रतिनिधि बन चुके लोग प्रत्याशी के रूप में लोगों के दरवाजे-दरवाजे जाकर भरोसा दिलाते रहे हैं कि वह जनता की उम्मीद पर खरे उतरेंगे। लेकिन सारे चुनाव हो गए अब सिर्फ बैठकों का दौर है और आश्वासन देने का दौर चल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी दौरा कर रहे हैं लेकिन बंद गाड़ियों में घूमते हैं और उसके बाद अपने मातहत अधिकारियों को निर्देश देकर जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। कुल मिलाकर स्थिति अच्छी नहीं है। अब तो कोई गारंटी की बात ही नहीं कर रहा है।

## दलालों के शिकंजे में सरकारी अस्पताल

### मरीजों को गुमराह करके प्राइवेट अस्पतालों में ले जाती हैं आशा उषा कार्यकर्ता

**सतना।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल लंबे समय से दलालों के शिकंजे में है,लेकिन दलालों के तिलिस्म को तोड़ने में अस्पताल के प्रबंधन को न केवल पसीना आ जाता है बल्कि वह भी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। यही वजह है कि यहां आने वाले सीधे-साधे गरीब मरीज दलालों के हाथ लुटने के लिए मजबूर हैं। यहां पर पहली नजर रखने वाले एक मीडिया कर्मी ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को लूटने का काम आशा और उषा कार्यकर्ता कर रही हैं। उनकी टीम 24 घंटे यहां पर सक्रिय रहती है।




बताया जाता है कि अस्पताल में मरीज को गुमराह करत हुए प्राइवेट अस्पताल भी ले जाती हैं। इसमें प्राइवेट वाहन के लिए कर्मचारी इनका साथ देते हैं। जो वार्ड के अंदर जाकर मरीज को लालच देकर प्राइवेट अस्पताल में पटक देते हैं एक दिन का हजारों रुपए का बिल बनाते ही दूसरे दिन मरीज लौट कर फिर से सरकारी अस्पताल में आ जाते हैं। कई बार सूचना देने पर भी यहां का प्रशासन इनके ऊपर कोई भी कार्यवाही नहीं कर पता है। ऐसा लगता है कि पूरा प्रशासन शामिल है। कई प्राइवेट अस्पताल सरकारी डॉक्टर के भी खुले हुए हैं।आरोप यह भी है कि दवा दुकान के संचालक भी डॉक्टर से मिले हुए हैं। इसलिए ज्यादातर दवाइयां डॉक्टरों द्वारा बाहर की लिखी जाती हैं।

## अधिवक्ताओं के निधन पर संघ ने दी श्रद्धांजलि

**सतना।** जिला अधिवक्ता संघ सतना के सभागार में न्यायाधीश गणों एवं अधिवक्ताओं की संयुक्त शोक सभा का आयोजन 4 बजे अधिवक्ता सदस्य बुद्धराज सिंह बघेल निवासी ग्राम उमरी चोरहटा जिला सतना एवं अधिवक्ता विष्णु नारायण पांडेय निवासी वृद्धाश्रम चंद्राशय नीमी बाबूपुर के निधन पर किया गया। अधिवक्ता बुद्धराज सिंह का आकस्मिक निधन दिनांक 17 जून को हो गया है।

श्री सिंह की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा अमरपाटन एवं उच्च शिक्षा सतना से प्राप्त करने के उपरांत वे वर्ष 1980 में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए और नियमित विधि व्यवसाय करते रहे उनकी पत्नी का भी देहांत अभी हाल ही में हो गया था श्री सिंह अपने पीछे चार पुत्र छोड़ गए हैं। तथा अधिवक्ता विष्णु नारायण पांडे का आकस्मिक निधन दिनांक 1 जून 2024 को हो गया है उनकी प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा ऐरापुर जिला प्रयागराज में संपन्न हुई श्री पांडे सन 1992 में व्याख्याता की पद से सेवा निवृत्त हुए उसके बाद वर्ष 2005 में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए उनकी पत्नी का निधन भी पूर्व में हो चुका है उनके कोई संतान नहीं थी वह वृद्धाश्रम चंद्राशय नीमी बाबूपुर सतना में रहते थे अधिवक्ता विष्णु नारायण पांडे अपनी देह मेडिकल कॉलेज रीवा को दान कर गए हैं।साथ ही अधिवक्ता के के पयासी कारीगोही के पुत्र आशुतोष पयासी के ऊपर प्राण घातक हमले में निधन हो जाने के कारण एवं अधिवक्ता नरोत्तम मिश्रा की माताजी के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ईश्वर से यह प्रार्थना की गई कि ईश्वर सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें व उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दें शोक सभा में प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश प्रशांत कुमार निगम,सीजेएम अनीता खजुरिया,न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती शिखा रघुवंशी,जिला अधिवक्ता संघ सतना के अध्यक्ष बद्री विशाल पाठक,उपाध्यक्ष शरद मिश्रा,सचिव शैलेश पाण्डेय,सह सचिव आदित्य मिश्रा,कोषाध्यक्ष प्रकाश नारायण मिश्रा,ग्रंथपाल यशवर्धन द्विवेदी,कार्यकारिणी सदस्य केशव प्रसाद त्रिपाठी,आशीष कुमार शर्मा,अनिल कुमार शुक्ला,विनय कुमार गर्ग,आशुतोष निरंजन पाण्डेय,पूर्व अध्यक्ष आरबी सिंह,बद्री नारायण कश्यप,समर सिंह,दिनेश प्रसाद शुक्ला,रविंद्र सिंह,संतोष गौतम,वर्षा मिश्रा,फिरोजजहां सौदागर,राजललन यादव,अंशुमान तिवारी,रजनीश सिंह,गोविंद गैलवानी, महेश्वर प्रताप सिंह,उमेश गौतम,डी सिंह,योगेंद्र द्विवेदी,नीरज मिश्रा,संतोष पयासी,संतोष तिवारी,मनमोहन रजिंदरपाल शर्मा,प्रभुदयाल पांडे,कमलेश ओबेरॉय,अखिलेश पाठक,नीरज सिंह,सुंदरलाल कुशवाहा, कार्यालय सचिव श्रवण पाठक सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मैहर में दस्तक अभियान के प्रथम चरण कार्यक्रम का आयोजन



**मैहर।** सिविल अस्पताल मैहर में दस्तक अभियान की प्रथम चरण की कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के द्वारा सर्वप्रथम मां शारदा के छाया चित्र पर विधिवत पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर दस्तक अभियान के सम्बंध में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा विस्तार से बताया गया कि वर्ष 2024 व 2025 के दस्तक अभियान की प्रथम चरण बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार रेफरल सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा,दस्तक अभियान का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया जाता है। यह वर्ष में 2 बार (अधिकतम 6 माह तथा न्यूनत्तम 4 माह के अंतराल में) आयोजित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में 5 वर्ष की चिकित्सीय जांच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार/ प्रबंधन पर बल दिया जाता है तथा द्वितीय चरण में विटामिन ए अनुपूरण एवं प्रथम चरण में चिन्हित एनौनिक बच्चों की पुनः जांच की जाती है।

### ये गतिविधियां संचालित होगीं

दस्तक अभियान के प्रथम चरण दिनांक 25 जून से 27 अगस्त के मध्य संचालित किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर उनकी चिकित्सीय जांच एवं आवश्यक उपचार प्रबंधन सुनिश्चत करने हेतु निम्न गतिविधियां संचालित की जायेंगे। इस अवसर पर डॉ.ज्ञानेश गौतम बीएमओ मैहर,डॉ.व्हीके गौतम,डॉ. विक्रम सिह,समाज सेवी संजय जदवानी,छोटू मैनी,राजेन्द्र सोनी,सतीश अग्रवाल,कमलेश बढोलिया,केशव कुशवाहा,पत्रकार गोवर्धन गुप्ता सहित सिविल अस्पताल मैहर डॉक्टरों सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## मैहर क्षेत्र में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान




### पुलिस ने निभाई जागरूकता की भूमिका

**मैहर।** प्रदेश भर में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मैहर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी द्वारा नशा मुक्ति के लिए महर्षि विद्या मंदिर मैहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यालय में उपस्थित बच्चों को नशे से होने वाले शारीरिक मानसिक और पारिवारिक नुकसान के बारे में अवगत कराया गया साथ ही बच्चों द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता करा कर अव्वल आने वाले बच्चों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मैहर थाना से एसआई मोहिनी शर्मा,प्रधान आरक्षक राजभान सिंह,संजय तिवारी,राजेन्द्र कुमार,प्राचार्य मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मथुरा साकेत को कलेक्टर ने उपलब्ध कराई कान की मशीन



**मैहर।** जनसुनवाई में 43 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड और अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिह ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 43 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जुरा ग्राम निवासी मथुरा साकेत भी जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचा और कलेक्टर को आवेदन देकर उन्होंने हियरिग एड (कान की मशीन) की मांग की। कलेक्टर ने तत्काल मशीन उपलब्ध कराने का निर्देश जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी को दिये। जन सुनवाई के दौरान ही अपर कलेक्टर के द्वारा मथुरा के कान में मशीन लगाई गई। मशीन लग जाने पर कलेक्टर ने मथुरा से उनका नाम, पता पूछा सब कुछ सुनाई देने पर मथुरा खुशी-खुशी जबाब देने लगे। इस सौगात के लिए मथुरा ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस मौके पर तहसीलदार मैहर जितेंद्र पटेल, डीएसओ के एस भदौरिया, सीएमओ लालजी ताम्रकार अन्य सभी विभागीय अधिकारी और प्रभारी उपस्थित रहे।



## नगर निगम कमिश्नर ने वेतन काटने के लिए निर्देश

**सतना।** निगमायुक्त डॉ.शेर सिंह मीना द्वारा सोमवार की सुबह रीवा रोड स्थित धर्मकांटा का निरीक्षण करने के दौरान धर्मकांटे में नगर निगम के कोई भी कर्मचारी अधिकारी एवं रैमकी कंपनी का कोई भी वाहन नहीं मिला। जिस पर नगर निगमायुक्त ने संबंधित नगर निगम कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। इसी तरह से इंडिपेंडेन्ट इंजीनियर के बिल से भी कटौती के निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि शहर से निकलने वाले कचरे की प्रतिदिन धर्मकांटा पर तौल होती है। उसके आधार पर कचरा संग्रहण का भुगतान किया जाता है। निगमायुक्त ने इसके बाद नारायण तालाब का निरीक्षण किया। यहां मिट्टी के ढेर लगे थे लेकिन इन्हें फैलाया नहीं गया है। पेवर्स,बाउण्ड्री का कार्य भी अधूरा है। इस पर संबंधित इंजीनिनयर से कार्य तत्काल कराने के साथ ही गति लाने को कहा। शहर के जर्जर भवनों की समीक्षा में बताया गया कि भवन चिन्हित कर सभी को धारा 309 का नोटिस जारी हो चुका है और 20 दिन की अवधि भी पूरी हो चुकी है। नियमानुसार अब इन्हें एमआईसी की बैठक में रखा जायेगा। निगमायुक्त ने कहा कि एमआईसी की बैठक शीघ्र होने वाली है। इसकी तैयारी कर लें। मैत्री पार्क और अमृत पार्क के निरीक्षण में निगमायुक्त ने नागरिकों से कहा कि आप लोग यहां पौधरोपण में सहयोग करें। नागरिकों ने पार्क की अव्यवस्थाओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। निगमायुक्त ने यहां की टूट फूट को इंप्रूव करने सहित पेयजल व्यवस्था सही करने के निर्देश दिये।



# जोनल बाल समागम का आयोजन

**सतना।** सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में विशाल रूप में बाल संत समागम का आयोजन हुआ। उज्जैन से समागम में सम्मिलित हुई बहन रुकमणी भदौरिया ने साध संगत को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि यह जो ब्रह्म है वही परम सत्य है। शेष संसार की हर वस्तु क्षणभंगुर है जो एक समय आने पर नष्ट हो जानी है। केवल यह शाश्वत निरंकार ही है जो सदैव स्थिर है। हम बहुत भागयशाली है कि प्रभु का ज्ञान हमें इतनी सरलता से प्राप्त हो गया जिसके लिए अनेक संतों ने कई जप,तप किये। ब्रह्मज्ञान द्वारा हमें जब संत एवं महात्मा की उपाधि मिल जाती है तब इसका अर्थ यही है कि हमारे अंदर परमपिता परमात्मा का ज्ञान प्रकाशित हो चुका है और अब हमारा जीवन एक संत प्रवृति वाला बन गया है। हमारे अंदर व्याप्त अंहकार,लोभ,जैसे नकारात्मक भाव स्वतः ही समाप्त हो जाते है और हम हर प्राणी में इस परमात्मा का ही अंश देखते हुए सभी से प्रेम करने लग जाते है। इस परमात्मा की वंदना का आधार रोते हुए को हंसाना,किसी के लिए अच्छा कार्य करना,सबके साथ नम्रता और प्रेम से बात करना है तभी जीवन का कल्याण संभव है। ज्ञान प्रचारक महात्मा डॉक्टर जे पी सेवानी ने समागम में सम्मिलित हुए सभी संतो का हृदय से आभार प्रकट किया।



## खबर संक्षेप

### छत्रसाल महाविद्यालय में एसबीआई लाइफ द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन

**पन्ना।** शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना द्वारा प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार के नेतृत्व एवं संरक्षण में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश शासन के रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वारा प्लेसमेंट किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। पद का नाम - ळतंकनंजमैंसमे ज्तंपदमम (ळैज्) हैं। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक उत्तीर्ण छात्र एवं स्नातकोत्तर के छात्र शामिल होंगे। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री सिद्धू सिंह, संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल एवं सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी द्वारा सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने रिज्यूम एवं सभी शैक्षणिक दस्तावेज, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ औपचारिक पहनावे में दिनांक 26 जून 2024 दिन बुधवार को प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय के मुख्य भवन (कला एवं वाणिज्य भवन) के मुख्य हाल में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो।

### छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाइल पंजीयन जरूरी

**पन्ना।** जिले में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के छात्रावास व आश्रमों का संचालन एमपी टॉस के माध्यम से किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रावास व आश्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं को एमपी टॉस पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन कराना जरूरी है। विद्यार्थी नजदीकी छात्रावास अधीक्षक से संपर्क कर एवं आवेदन प्राप्त कर आगामी 10 जुलाई तक अपना फार्म जमा करा सकते हैं।

### दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ



**पवई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में दस्तक अभियान का शुभारंभ 25 जून 2024 मंगलवार को किया गया। अभियान की शुरुवात में डॉ विवेक कुमार खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बच्चो को दवा पिला कर किया गया, कार्यक्रम में डॉ विवेक तिवारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ अंकित पांडेय, कमलाकांत त्रिपाठी, आनंद विजय सिंह,जगदीस यादव पूरन लाल अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### जनसुनवाई में आए 114 आवेदन



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 114 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### मादक पदार्थों की खेती पर होगी कार्यवाही

**पन्ना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के सभी कृषकों को मादक और नशीले पदार्थों की खेती न करने के संबंध में आवश्यक सलाह जारी की गई है।

### बाढ़ आपदा से पशुओं के बचाव के लिए अपील

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा सभी पशुपालकों से मानसून के दृष्टिगत पशुओं का बारिस के पूर्व नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क कर टीकाकरण कार्य कराने की अपील की गई है। साथ ही बाढ़ आपदा से पशुओं के बचाव के संबंध में अवगत कराया गया है कि बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर अपने पशुओं को खूंटे से बांधकर न रखें तथा बाढ़ आने पर पशुओं को ऊंचे पहाड़ी वाले स्थान में खुला रखें।

## टाईगर रिजर्व के उड़नदस्ता दल ने की कार्रवाई

# अवैध सगौन लकड़ी की जब्ती की कार्रवाई

पन्ना टाईगर रिजर्व उड़नदस्ता दल द्वारा पन्ना बफर जोन क्षेत्र से लगे ग्राम भापतपुर कुर्मियान में अवैध सागौन की लकड़ी व फर्नीचर जब्त कर कार्यवाही को दिया अंजाम

पन्ना।






पन्ना जिले में सागौन की लकड़ी जो उत्तम क्वालिटी की मानी जाती है। जहां अवैध तरीके से कई बार कार्यवाही में जो कार्य फर्नीचर बनाने में सागौन की लकड़ी को लेकर किया जाता है। इस पर नजर जब जाती है तो कार्यवाही से पोल खुलती है। पन्ना टाईगर रिजर्व के उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध सागौन की लकड़ी मुखबिर की सूचना के आधार पर जो कार्यवाही की दिशा तय की गई जहां पन्ना टाईगर रिजर्व के निर्देशन में पार्क उड़नदस्ता दल द्वारा पन्ना बफर क्षेत्र से लगे ग्राम भापतपुर कुर्मियान में नोने लाल विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा एवं मईयादीन विश्वकर्मा के घर में सर्चिंग के दौरान अवैध तरीके से सागौन की लकड़ी का फर्नीचर बनाया जाना पाया गया। गीली सागौन की लकड़ी चिरान 1.50 घन मीटर एवं हांथ आरा तथा फर्नीचर बनाने के विभिन्न औजार भारी मात्रा में जब्त किये गये। जिसका बाजार मूल्य लगभग 1.20 लाख है। सर्चिंग कार्यवाही के दौरान सहायक संचालक मड़ला, परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना बफर, अमानगंज बफर, गहरी घाट, एवं पार्क सुरक्षा अधिकारी सहित उड़नदस्ता दल एवं अन्य स्टॉप का योगदान बताया जा रहा है। क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस कार्यवाही को लेकर जो अवैध तरीके से सागौन की लकड़ी को लेकर फर्नीचर तथा गीली लकड़ी पाई गई है उसका खुलासा किया गया है। वहीं अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार मानी जा रही है।

## ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रामगोपाल तिवारी को मॉर्निंग वाक के दौरान ट्रक ने पीछे से पैर कुचला, भोपाल रेफर





**गंभीर हालत में इलाज के लिए सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रयास से भोपाल एयरलिफ्ट किया गया है**

पन्ना।

सेहत सुरक्षित रखने लोग सड़कों पर मॉर्निंग बात को निकलते हैं लेकिन आज एक बड़ी घटना घट गई जिसमें मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व खनिज निरीक्षक रामगोपाल तिवारी को पीछे से एक ट्रक ने ठोकर मार दी और पैर कुचल दिया जिसकी हालत गंभीर हो गई सुबह घटित हुई इस घटना में घायल तिवारी को भोपाल में इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया गया है सुबह से ही उन्हें देखने के लिए अस्पताल में भीड़ लगी थी जब इन्हें विमान से भेजा गया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सतानंद गौतम, कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित, मनीष मिश्रा पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी, उनके रिश्तेदार भाजपा नेता रामावतार बबलू पाठक, खजुराहो में एयरलिफ्ट करने के दौरान मौजूद रहे बबलू पाठक तो भोपाल साथ में लेकर गए हैं, सुबह से ही उन्हें देखने के लिए पन्ना जिला चिकित्सालय में भीड़ लगी रही। हाईवे और सड़कों पर जो मॉर्निंग वाक के लिए जो निकलते हैं उन्हें बचकर चलना चाहिए क्योंकि बड़े डंपर ट्राला और अनियंत्रित वाहन बड़ी घटना दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। साथ ही अन्य महानगरों की तरह पन्ना नगर में भी बड़े वाहनों को बाईपास मार्ग का निर्माण प्रमुखता से किया जाना चाहिए। ताकि आवागमन के मुख्य मार्ग में जहां इस तरह के हादसे न हो सके। वहीं मॉनिंग बॉक को लेकर ही नगर में ऐसे स्थान विकास की दिशा को लेकर आगे प्रयास किये जाये जिससे सड़कों में मॉनिंग बॉक न हो। बल्कि मॉनिंग बॉक के लिए निश्चित स्थान ही तय हो सके। जिस तरह से अन्य महानगरों में ये सारी व्यवस्थायें जानी जाती है। पन्ना नगर में आज भी सड़कों में ही लोग अधिकत्तर मॉर्निंग बॉक हो या संध्या कालीन समय लोग जहां घूमने के लिए सड़क ही सहारा होती है। वहीं वर्तमान समय में सुगर जैसी बीमारियों से निजात पाने को लेकर अधिकत्तर लोग मॉनिंग वाक सेहत को संवारने को लेकर करते है। पर जान है तो जहान है यहां मॉनिंग वाक करते समय चौकस सड़कों में चलते वक्त रहना चाहिए। ताकि सुरक्षित जीवन के लिए स्वस्थ काया जो मॉनिंग वॉक से बनती है। वह जिंदगी के लिए आगे भी जानी जाये।



## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसाबंदियों का किया गया सम्मान

**संविधान की हत्या कांग्रेस राज में इमरजेंसी लगाकर की गई**

**आपातकाल में न कोई अपील चलती थी न कोई दलील**

पन्ना।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया पत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जालंधर से बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता पिछले कल संसद में संविधान की प्रति हाथ में लेकर पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और लोकतंत्र को बचाने का कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने झूठा प्रचार-प्रसार किया। हकीकत में कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किया गया। जब 1975 में आज के दिन रात को 2 बजे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी उस समय सोनिया गांधी बहू के नाते वहां पर मौजूद थी। तब सोनिया गांधी ने संविधान बचाने की बात नहीं की, लेकिन पिछले कल जब संसद भवन पहुंचीं तो उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान को कोई खतरा नहीं है। झूठा प्रचार-प्रसार जो कांग्रेस और उसके सहयोग दल कर रहे हैं हमें उसका सच बताना होगा। श्री मिश्रा ने कहा कि संविधान की हत्या कांग्रेस ने कर इमरजेंसी लगाई थी। उस समय न कोई अपील चलती थी न कोई दलील। आपातकाल के दौरान देश समेत प्रदेश भर के लोगों को जबरन जेलों में डाला गया और चौथे स्तंभ पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। कोई खबर बिना कलेक्टर या अन्य अधिकारी के देखे बगैर नहीं प्रकाशित हो सकती थी।





## जिले में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर जिम्मेदारों ने अब सायद खुली छूट दी या रेत को लेकर बंद की आंख

**कानून के रक्षक ही जहां मिलकर केन नदी से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के नियम को नजर अंदाज करने को लेकर जिले में हालात**

पन्ना।

रेत का कारोबार नियमों की धज्जियां उड़ाने को लेकर बाखूबी केन नदी से लेकर जिला मुख्यालय तक नजर आता है। जहां अवैध उत्खनन के हालात नदी ही बयां कर रही है।वहीं परिवहन को लेकर सैकड़ों टेक्टर व डम्फर मात्र टोकन के सहारे रेत के कारोबार में माने जा रहे है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारी अब रेत के वाहनों को न तो कभी पड़ताल करना चाहते कहां से रॉयल्टी का परमिट कितना माल होना चाहिए कौन से वाहन को लेकर खनिज विभाग की तरफ से इन्हें उचित माना जाता है। कोई देखने वाला नहीं वहीं रेत की मण्डी के हालात जिला मुख्यालय तक नजर आते है। रेत की कीमत मनमानी लूट को लेकर जानी जाती है वहीं केन नदी जहां से रेत निकाली जा रही है कितनी गहराई तक का टण्डर किया गया। क्या नदी के बीसों फुट गहराई से रेत निकालने में एनजीटी के निमयों का पालन किया जा रहा है या कि धज्जिया उड़ाई जा रही है। इसको कोई देखने वाला नहीं क्योंकि जिम्मेदार अधिकारी रेत से अपने आप को दूर रखना उचित मान रहे है जो इस पर गौर करता है उस पर कार्यवाही उल्टा तय हो जाती है उदाहण को लेकर अजयगढ़ एसडीएम तत्कालीन समय में कुशल सिंह गौतम जिन्होंने अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कार्यवाही को अंजाम दिया। तो आचार संहिता हटते ही रेत के कारोबारियों ने अपनी ताकत दिखाकर अजयगढ़ एसडीएम कुशल सिंह गौतम को हटवाने का सबक संदेश के रूप में दे दिया। यहां प्रशासन अब रेत के कारोबारियों के सहारे माना जाता है जनप्रतिनिधि इनकी सोच व इसारे से ही अपनी भूमिका तय करते है। तभी तो कानून रेत के खेल में अब पीछे माना जाता है कानून के ऊपर रेत के कारोबारियों का खेल देखने को मिलता है तभी तो हालात बद से बदत्तर है। रेत को लेकर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह तक नहीं देखना चाहता कि कहां से रेत किस रॉयल्टी परमिट के साथ लाई जाती है यहां अब सायद परमिट की जरूरत ही नहीं यह तो खुली छूट है, लूट की। जो पन्ना जिला मुख्यालय तक अपनी तस्वीर खुद बयां कर रही है।

## जिले के विकास को लेकर सांसद व विधायक की जोड़ी आगे भी तय करेगी विकास की दिशा

पन्ना।



पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह पन्ना विधानसभा के विधायक व खजुराहो सांसद प्रदेशाध्यक्ष भाजपा दोनों की जोड़ी विकास को लेकर क्षेत्र की तकदीर बदलने के लिए जहां दोनों का सार्थक प्रयास केन्द्र सरकार तक पहुंच कर समय रहते विकास की दिशा को अंजाम देने के लिए नेशनल हाईवे मार्ग जो खजुराहो से झिन्ना बाया कॉलीजर इलाहाबाद तक निर्माण के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मिलकर विकास की इबारत हकीकत में तब्दील करने के लिए दोनों की यह जोड़ी अपने आप में खजुराहो व पन्ना दोनों आने वाले समय में अलग ही जानी जाये यह प्रयास की दिशा हो रही तय।

निश्चित ही पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिनकी सोच विकास को लेकर सतत जानी जाती है। वहीं वर्तमान समय में प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा जिनकी दूसरी पारी खजुराहो सांसद के रूप में आगामी पांच वर्ष के लिए तय हो चुकी हैं वहीं वर्तमान समय में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा दोनों की जोडी जिले के विकास को लेकर अहम मानी जा रही है। जो पांच वर्ष का मुकाम खजुराहो व पन्ना की तकदीर विकास को लेकर बदलाव के लिए जाने जायेगें। इस समय दोनों जनप्रतिनिधि केन्द्र सरकार के केन्द्रीय मंत्री भूतल सड़क परिवहन नितिन गड़करी से मिलकर जहां खजुराहो बाया झिन्ना होते हुए कॉलींजर से इलाहाबाद तक नेशनल हाईबे मार्ग की तरह निर्माण को लेकर विकास की दिशा तय करने के लिए जो प्रयास किये जा रहे है। यह इसी बात का प्रमाण है कि दोनों की जोड़ी इस पांच वर्ष में विकास के आयाम को लेकर अहम साबित होगी। वहीं वह दिन दूर नहीं जब खजुराहो व पन्ना विकास के नाम पर अलग ही चमक बिखेरेगें। पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह भले ही मंत्री इस बार राज्य सरकार में नहीं बनाये गये पर पिछली पारी जो मंत्री पद के समय विकास की इबारत लिखी उसी का परिणाम आज दूसरी बार पन्ना से विधायक का प्रतिनिधित्व तय हुआ। जिस तरह से अजयगढ़ क्षेत्र से टिकिट देने का खेल कांग्रेस ने खेला था वह भारी पड़ा। पर विकास उससे भी भारी पड़ा क्योंकि प्रत्याशियों के चयन में बुद्धजीबी मतदाता कि सोच कई गांवों में अलग ही साबित हुई जिस तरह से आपने खोरा जैसे गांव में महाविद्यालय की सौगात जो लम्बे अर्से से इंतजार को लेकर जानी जाती थी वह भावी भविष्य शिक्षा के क्षेत्र में संवारने के लिए तय किया। वहीं कृषि महाविद्यालय अंतिम समय में ठीक चुनाव के ही वक्त सही पन्ना में मेडिकल कॉलेज की खुशी को लेकर जिस तरह से आम जनता में बड़े कार्यों को लेकर तत्परता व लगन से सड़कों का जाल बिछाकर विकास के लिए सतत सोच रखने वाले जिले में जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के लिए विकास की ही सोच मंत्री हो या विधायक इससे कोई फर्क नहीं सतत जनता के लिए प्रयास जारी है आने वाले समय में पन्ना आपके प्रयासों से जहां अलग ही मुकाम के लिए जाना जायेगा जिस तरह से विधायक व सांसद की जोड़ी राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार तक से विकास की योजनाओं को लाकर जमीनी रूप पर उतारा जायेगा। जिससे आने वाले समय में पन्ना हीरे की तरह विकास में भी जाना जायेगा।

## कलेक्टर्स ने बैंकर्स के साथ की बैठक, समय सीमा में हितग्राहीमूलक प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभिन्न हितग्राहीमूलक स्वीकृत व लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य अनुसार एक माह में अनिवार्य रूप से अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डीएलसीसी की त्रैमासिक बैठक में बैंकवार सीडी रेशियो व वसूली की अद्यतन प्रगति सहित अन्य गतिविधियों के क्रियान्वयन व उपलब्धियों पर चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली। नाबार्ड संस्था की गतिविधियों और वित्तीय साक्षरता शिविर एवं रोजगारमूलक प्रशिक्षण के संबंध में भी जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि सभी बैंकर्स प्राथमिकता के साथ हितग्राहीमूलक योजनाओं में प्रकरणों के सबमिशन, स्वीकृति व वितरण कार्य में प्रगति लाएं।



रोजगारमूलक विभागों के अधिकारियों द्वारा भी निरंतर समन्वय के साथ कार्य किया जाए। किसी भी स्थिति में अधिक अवधि तक प्रकरण लंबित न रहे और शासन के मंशानुरूप आमजनों को बैंकों के माध्यम से क्रियान्वित गतिविधि व योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों को लंबित वसूली कार्य में तेजी लाने के लिए बकायादारों के चिन्हांकन सहित तहसीलदार कार्यालय में आरआरसी फाइल कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ रिकवरी अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय रोजगारमूलक प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों द्वारा विभाग के माध्यम से प्रस्तुत आवेदनों पर नियमानुसार अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। हर स्थिति में लक्ष्य अनुरूप प्रगति के लिए जरूरी कार्यवाही कर समयबद्ध तरीके से हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जाए। इस कार्य में माहवार लक्ष्य निर्धारित कर अधिकारी और बैंकर्स गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें और प्रत्येक माह प्रगति की मॉनीटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। जिला कलेक्टर द्वारा बैंक शाखाओं में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर हितग्राहीमूलक योजनाओं के सभी कार्यों में गति लाने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने वित्तीय साक्षरता शिविर की गतिविधियों और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। नाबार्ड के प्रतिनिधि विवेक गुप्ता द्वारा अजयगढ़ विकासखण्ड में पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्वसहायता समूहों की महिलाओं के साथ शुरू की गई आजीविका गतिविधि के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया। बैठक में आरबीआई के प्रतिनिधि सहित लीड बैंक अधिकारी समा बानो एवं बैंकों के शाखा प्रबंधक व संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फरार अपराधी दे रहे पीड़ित परिवार को धमकी



**छतरपुर।** पिछले दिनों में ग्राम बगौता में जमीनी विवाद के चलते कुशवाहा परिवार द्वारा रैकवार परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर दी गई थी। सिविल पुलिस ने कुशवाहा परिवार के सदस्यों पर मामला दर्ज करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया था, लेकिन शेष आरोपी अभी भी फरार हैं। पीड़ित रैकवार परिवार का कहना है कि फरार अपराधियों द्वारा उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जिस कारण से पूरा परिवार दहशत में है। एसपी को आवेदन देकर रैकवार परिवार ने सुरक्षा की मांग की है।बगौता निवासी गोपाल रैकवार ने बताया कि गांव के राजू रैकवार के परिवार से उसका जमीनी विवाद चल रहा है। 14 जून को तहसीलदार के आदेश पर आरआई-पटवारी ने रैकवार परिवार को विवादित जमीन पर कब्जा दिलाया था लेकिन अगले दिन 15 जून को राजू रैकवार के परिवार ने जमीन पर पुनः कब्जा कर लिया, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। 16 जून को राजू रैकवार के परिवार ने गोपाल सहित उसके परिवार के सदस्यों के ऊपर प्राणघातक हमला किया था, रैकवार परिवार के कई लोग घायल हो गए थे। गोपाल की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाना में धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था और दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया था। गोपाल के मुताबिक जो आरोपी अभी फरार हैं उनके द्वारा लगातार उसके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं, जिससे परिवार दहशत में है। एसपी को आवेदन देकर गोपाल ने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने और फरार आरोपियों को

### चोरी की नियत से घर में घुसे युवकों ने पति-पत्नी को पीटा




**छतरपुर।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परेथा के रहने वाले एक व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि गांव के दो युवक चोरी के नियत से उसके घर में घुसे थे और इसी दौरान आरोपियों ने उसे तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। उसका यह भी आरोप है कि जब वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो पुलिस ने उसके ऊपर राजीनामा करने का दबाव बनाया। पीड़ित ने शिकायत देने के बाद निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। परेथा निवासी रामसेवक राजपूत ने बताया कि 23 जून की दोपहर करीब 1 बजे जब उसकी पत्नी घर पर अकेली थी तभी गांव का लक्ष्मी प्रसाद राजपूत और विक्कू राजपूत चोरी की नियत से घर में घुस गया और जब पत्नी ने उन्हें देख लिया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। रामसेवक के मुताबिक जैसे ही उसे घटना की जानकारी मिली वैसे ही वह भी घर की ओर भागा लेकिन आरोपी उसे रास्ते में मिले और जब उसने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट की। रामसेवक का आरोप है कि वह हरपालपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने गया था लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखने की बजाय उसके ऊपर राजीनामा करने का दबाव बनाया है। रामसेवक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मामले की जांच कराने और आरोपियों पर मामला दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### पेपर लीक देश के भविष्य के साथ खिलवाड़

**सिंगरौली।** ज्ञानु डबल इंजन की सरकार फिर भी रुक नहीं रहा छात्रों पर अत्याचार जिस तरीके से आए दिन पेपर लिक मामले भारत में बढ़ते जा रहे हैं । उससे यह साफ जाहिर होता है कि सरकार पेपर लिक मामलों में कहीं से गंभीर नहीं दिख रही है । जरा गौर कीजिएगा की उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा का पेपर भोपाल की प्रिंटिंग प्रेस से 8 दिन पहले ही पेपर लीक करने वाले गैंग के पास पहुंच जाता है। कितनी बड़ी विडंबना है ।

## ट्रेन के रूट में परिवर्तन किये जाने से जनता को होगा लाभ



**छतरपुर।** शहर के समाजसेवी और सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर काशीराम सोनी ने केन्द्रीय रेल मंत्री को कलेक्टर के माध्यम से पत्र भेजकर खजुराहो से चलने वाली ट्रेनों के रूट में परिवर्तन का सुझाव दिया है। श्री सोनी के मुताबिक यदि उनके पत्र पर रेल मंत्री विचार करते हैं तो इसका फायदा स्थानीय लोगों के साथ-साथ खजुराहो और बागेश्वर धाम आने वाले लोगों को होगा।

श्री सोनी द्वारा केन्द्रीय रेल मंत्री को भेजे गए पत्र में दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का रूट चार्ट की जानकारी देकर उनके रूट को बढ़ाने अथवा रूट डायवर्ट करने का सुझाव दिया गया है। पत्र में उल्लेख है कि गाड़ी संख्या 19666 खजुराहो एक्सप्रेस जो खजुराहो से उदयपुर के बीच चलती हैं इसी गाड़ी को अगर छतरपुर तक बढ़ा दिया जाय तो उदयपुर से बागेश्वर धाम एवं छतरपुर के बीच सीधी सुविधा यात्रियों को होग। या फिर इस गाड़ी को वाया हरपालपुर-महोबा-झांसी की बजाय सप्ताह में तीन दिन वाया छतरपुर-टीकमगढ़-ललितपुर-झांसी के रास्ते चलाया जा सकता है। इसी तरह खजुराहो से कानपुर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 04143 को अगर छतरपुर तक बढ़ा दिया जाय तो कानपुर से बागेश्वर धाम एवं छतरपुर के बीच सीधी सुविधा यात्रियों को होगी वैसे भी यह रेलगाड़ी रात्रि में खजुराहो स्टेशन पर खड़ी रहती हैं। इसके अलावा श्री सोनी खजुराहो स्टेशन से चलने वाली करीब दो दर्जन रेल गाडिय़ों के रूट परिवर्तन अथवा रूट डायवर्सन करने का सुझाव देकर इस पर विचार करने का आग्रह केन्द्रीय रेल मंत्री से किया है।

### शराबियों ने पूरे परिवार के साथ की मारपीट



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड के छुई खदान इलाके में कुछ शराबियों के द्वारा एक पूरे परिवार के साथ मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित परिवार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है। छुई खदान निवासी मिजाजी लाल अहिरवार ने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे उसके पुत्र सुनील और अनिल काम से लौटकर घर आ रहे थे तभी तलैया के मुहाने पर बैठे मोहल्ले के शराबी नीरज, संजय और दस्सू ने उसने शराब के लिए पैसे मांगे। सुनील और अनिल ने पैसे देने से मना कर दिया और घर आ गए। कुछ समय बाद उक्त तीनों अपने कुछ अन्य साथियों को लेकर घर आए और घर में घुसकर सुनील, अनिल के साथ-साथ घर में मौजूद अर्जुन, फूलाबाई और जानकी बाई के साथ मारपीट कर दी। मिजाजी लाल का आरोप है कि पुलिस ने सभी आरोपियों के नाम रिपोर्ट में शामिल नहीं किए हैं। एसपी को आवेदन देकर मिजाजी लाल ने सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# हरपालपुर और छतरपुर के सूने घर को अज्ञात चोरों ने फिर बनाया निशाना

**छतरपुर।** पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक ने हरपालपुर और अलीपुरा थाना क्षेत्र में हुई करीब आधा दर्जन चोरियों का खुलासा कर चोरों को जेल भेजा था लेकिन अभी भी उक्त दोनों थाना क्षेत्रों में चोरियों का सिलसिला जारी है। दो दिन पूर्व जहां अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिरवारी में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के घर चोरी हुई थी तो वहीं मंगलवार को हरपालपुर नगर के एक सूने घर से पुनः चोरी की जानकारी सामने आई है। गृहस्वामी की रिपोर्ट पर हरपालपुर पुलिस ने मौका मुआयना कर विवेचना शुरू कर दी है।

### गृहस्वामी विनोद रावत ने बताया कि वह मूलतः

तेईया गांव का रहने वाला है और हरपालपुर के नारायणगंज में उसका मकान है। बीते रोज विनोद रावत अपने परिवार सहित अपने गृह ग्राम गया हुआ था हरपालपुर वाले निवास पर ताला डला हुआ था। इसी बात का फायदा उठाकर अज्ञात चोर छत के रास्ते में घर में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-



चांदी के जेवरात, पोस्ट ऑफिस की पासबुक तथा नगदी पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार को जब विनोद के पड़ोसियों ने उन्हें चोरी की सूचना दी, तब वह वापिस लौटा और इसके बाद थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद विवेचना शुरु की है। विनोद की पत्नी सविता रावत ने बताया कि चोर घर में रखी सोने की एक जंजरी, सोने की दो अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, बच्चो की हाय, मीना सहित 15 हजार की नगदी चोरी कर ले गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चूंकि हरपालपुर नगर उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, जिसके चलते उत्तर प्रदेश के असामाजिक तत्व यहां आकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### छतरपुर में भी सूने घर को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना

छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्रसाल नगर में वैष्णोदेवी मंदिर के पास रहने वाले ज्ञानेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि 21 जून को ग्राम मामौन निवासी उसकी सासू मां का निधन हो गया था, जिसके चलते वह अपने परिवार के साथ मामौन गया था। 21 और 22 जून की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने उसके सूने घर को निशाना बनाया और ताले तोड़कर घर में रखी नगदी सहित कुछ अन्य सामग्री चोरी कर ली। अगले दिन पड़ोसियों ने ज्ञानेन्द्र को चोरी की सूचना दी जिसके बाद ज्ञानेन्द्र घर आया और पड़ताल करने के बाद सिविल लाइन थाना में शिकायती आवेदन दिया। मंगलवार को पुलिस ने ज्ञानेन्द्र के आवेदन को संज्ञान में लेकर अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया और मामले की जांच में जुट गई है।

## कलेक्टर को मंदिर की चाबी सौंपने पहुंचा अतिक्रमणकारियों से परेशान पुजारी



**छतरपुर।** बकस्वाहा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हौरी के बिहारी जू मंदिर के पुजारी कुछ अतिक्रमणकारियों से इस कदर परेशान हो गए कि वे मंगलवार उन्होंने मंदिर की चाबी कलेक्टर को सौंपने का निर्णय ले लिया और मंगलवार को जनसुनवाई उन्होंने शिकायती आवेदन के साथ कलेक्टर संदीप जी आर को मंदिर की चाबी देकर समस्या हल कराने की मांग की। पुजारी रामगोपाल तिवारी ने बताया कि मंदिर के पास रहने वाला आजाद खान, नत्थू खान, इस्लाम खान, सब्बीर खान, समीर खान, नजीब खान, वहीद खान और पुष्पेंद्र सेन लंबे समय से मंदिर के स्वामित्व की भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त लोगों को रोकने पर उक्त के द्वारा गाली-गलौज की जाती है और जान से मारने की धमकी दी जाती है। अतिक्रमणकारियों की प्रताडऩा से वह तंग आ चुका है जिसके चलते उसने मंदिर की चाबियां कलेक्टर को सौंपने का निर्णय लिया है। कलेक्टर को आवेदन देकर पुजारी ने मंदिर की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की मांग की है। रामगोपाल ने यह भी बताया कि वह अतिक्रणमारियों से वर्ष 2017 से परेशान है। पूर्व में वह कई बार जनसुनवाई, बिजावर एसडीएम और बकस्वाहा तहसीलदार को आवेदन दे चुका है जिन पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

## स्वयं को जिंदा साबित करने एक साल से परेशान है युवक

*लाडली बहना योजना का फार्म भरने के दौरान हुई थी त्रुटि*



**छतरपुर।** गत वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा लागू की गई लाडली बहना योजना के फार्म भरे जाने के दौरान बड़ामलहरा निवासी एक युवक गलती से दस्तावेजों में मृत घोषित हो गया था। करीब एक वर्ष से संबंधित युवक स्वयं को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की चक्कर काट रहा है। मंगलवार को युवक ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर त्रुटि सुधार कराने की मांग की है। बड़ामलहरा निवासी बृजेश विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी पत्नी का नाम उर्मिला विश्वकर्मा है और उसकी मां का नाम भी उर्मिला विश्वकर्मा है। गत वर्ष लाड़ली बहना योजना का फार्म भरे जाने के दौरान त्रुटिवश समग्र आईडी सहित कुछ अन्य दस्तावेजों में वह मृत घोषित हो गया था, तब से लेकर अभी तक वह बृजेश स्वयं को जिंदा साबित करने के प्रयास में अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। इसके साथ ही उसकी पत्नी को लाड़ली बहना योजना के स्थान पर विधवा पेंशन मिल रही है। कलेक्टर को आवेदन देकर बृजेश ने मांग की है कि दस्तावेजों में हुई त्रुटि का सुधार किया जाए।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट से गई थी युवक की जान

*आरोपियों पर नहीं हुई कार्रवाई, एसपी के पास पहुंची पत्नी*



**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरावन कला में गत 17 मई को जमीनी विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट हुई थी, जिसके बाद इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया था। मृतक की पत्नी का आरोप है कि नौगांव पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंगलवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। सिंगरावन कला निवासी शीला श्रीवास ने बताया कि 17 मई को जमीनी विवाद के चलते उसके पति हरी पुत्र छक्की श्रीवास उम्र 45 वर्ष के साथ गांव के दिलीप यादव और उसके पुत्र टाईं यादव ने मारपीट की थी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। मारपीट के बाद हरी को इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया था जहां 1 जून को इलाज के दौरान हरी की मौत हो गई। शीला श्रीवास का आरोप है कि इस मामले में नौगांव पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि वह कई बार थाने के चक्कर लगा चुकी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर शीला श्रीवास ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कराकर उसे न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## नेशनल हाईवे पर लूट करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

*तीन दिन पहले साठिया घाटी में दिया वारदात को अंजाम*



**छतरपुर।** तीन दिन पहले बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर-कानपुर हाईवे की साठिया घाटी पर हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बताया गया है कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूट की रकम के साथ पकड़ा गया है। पकड़े गए लुटेरों में से दो के विरुद्ध पूर्व से भी अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तार लुटेरों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। बड़ामलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर ने बताया कि गत 21 जून को बलराम यादव निवासी भोजपुरा थाना बाजना जिला छतरपुर ने शिकायत करते हुए बताया था कि सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास साठिया घाटी पर अज्ञात बदमाशों ने उसे रोककर 12 हजार रुपए छीन लिए हैं। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर टीम गठित की गई जिसने महज 48 घंटे में मामले का खुलासा कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के भौतिक निरीक्षण, क्षेत्र में मूवमेंट की जानकारी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर शाहगढ़ थाना क्षेत्र के तीन संदेहियों को हिरासत में लिया गया था, जिन्होंने पूछताछ में घटना कारित करना स्वीकार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम पप्पू यादव निवासी ग्राम रिछाई, गंगाराम यादव निवासी ग्राम रिछाई और अकरम खान निवासी शाहगढ़ बताए। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के अलावा 1000 रुपये जब्त किए गए हैं। इसी घटना का एक अन्य आरोपी पुष्पेंद्र यादव निवासी ग्राम बटवाहा थाना शाहगढ़ अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पप्पू यादव पर वर्ष 2019 में मारपीट तथा फरार आरोपी पुष्पेंद्र यादव पर मारपीट व एससी-एसटी के अपराध पूर्व से दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक एलपी दाहिया, प्रधान आरक्षक प्रकाश सिंह, आरक्षक रूद्र तोमर, राजकुमार सेन, रघुनाथ तोमर और सोनू यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

*वाहनों के दस्तावेजों और मोबाइल नंबरों का किया जा रहा संधारण*

## तीन सैकड़ा से अधिक यात्री वाहनों को मिले सीरियल नंबर

छतरपुर



जिले में यातायात व्यवस्था की सक्रियता एवं दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात पुलिस द्वारा निरंतर यातायात अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में चलने वाले यात्री वाहन जैसे ऑटो, ई रिक्शा संबंधित वाहनों के सीरियल नंबर भी निर्धारित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा 19 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नजदीक स्थान पर एकत्रित किये गए एक सैकड़ा से अधिक ऑटो वाहनों पर मार्गों के अनुसार निर्धारित सीरियल नंबर चस्पा किए गए थे, साथ ही यातायात पुलिस को जिले के सभी मार्गों में संचालित यात्री वाहनों पर मार्गों एवं क्षेत्र के अनुसार निर्धारित सीरियल नंबर चस्पा हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा छतरपुर नगर के साथ-साथ जिले के विभिन्न कस्बो एवं ग्रामों से जुड़े मार्गो में संचालित यात्री वाहनों पर भी निर्धारित सीरियल नंबर चस्पा किये जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत व यातायात पुलिस द्वारा एक सप्ताह में जिले के विभिन्न मार्गो में आवागमन करने वाले यात्री 300 से अधिक यात्री वाहनों पर सीरियल नंबर अंकित किये जा चुके हैं। ऑटो वाहनों के साथ-साथ रिक्शा वाहनों पर भी कार्यवाही निरंतर जारी है। सीरियल नंबर के अनुसार वाहन संबंधी संपूर्ण जानकारी जैसे रजिस्ट्रेशन नंबर, वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, चालक का मोबाइल नंबर, दस्तावेजों की वैधता तिथि इत्यादि का संधारण यातायात थाने में किया जा रहा है। यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की इस पहल से रात्रि के समय या अन्य समय में यात्री का सामान किसी कारणवश वाहन में छूट जाता है या अन्य कोई अनहोनी होती है, जल्दबाजी में वाहन का रजि. नंबर यात्री नोट नहीं कर पता है, सीरियल नंबर से वाहन संबंधी जानकारी पुलिस से आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही शिकायत या सूचना मिलने पर संचालित सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निर्धारित सीरियल नंबर के अनुसार वाहन स्वामी एवं वाहन चालक तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। इस अभियान का यह उद्देश्य भी है की अनावश्यक एक क्षेत्र के चलने वाले वाहन दूसरे क्षेत्र में जाकर जाम या विवाद स्थिति निर्मित करते हैं, उन पर भी नियंत्रण एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। वाहन चालकों द्वारा यात्री के प्रति दुव्र्यवहार, नकारात्मक भाषा शैली, नशे में वाहन चलाने के प्रति भी ऑटो संगठन से समन्वय बनाते हुए जानकारी एकत्र कर कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी यात्री वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए निर्धारित गणवेश धारण करने हेतु भी निर्देश दिए जा रहे हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों का उल्लंघन करने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### यातायात व्यवस्था बाधित करने वालों पर हो रही कार्रवाई

शहर के विभिन्न मार्गों पर सुगम आवागमन में बाधक दुकानदरों के सामान और सड़क पर खड़े वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जारही है। मंगलवार को यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा प्राथमिकता के तौर पर अनाउंस कर सभी दुकान संचालकों व वाहन चालकों को चेतावनी दी गई साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वालों पर प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पालिका से समन्वय बनाते हुए संबंधित दुकान संचालकों और वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की गई। दुकान के बाहर मार्ग में रखे समान एवं अनावश्यक खड़े वाहनों को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु जब्त भी किया गया है।



## माता-पिता के झगड़े को खत्म कराने मासूम बच्चों ने की पहल

छतरपुर। बचपन से अपने माता-पिता को झगड़ते देख बड़े हुए मासूम बच्चों को दोनों का प्यार एक साथ नहीं मिल पा रहा था, जिसके चलते मासूम बच्चों ने अपने माता-पिता के झगड़े को खत्म कराने के लिए शासन की मदद लेने का मन बनाया और महिला थाना जाकर माता-पिता के बीच चल रहे झगड़े की जानकारी दी। बच्चों से मिली जानकारी के आधार पर महिला थाना के अधिकारियों ने तत्काल ही पति-पत्नी सहित परिवार के अन्य लोगों को महिला थाना बुलाकर दोनों की सुलह कराई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शहर के नौगांव रोड पर क्रिश्चियन इंग्लिश स्कूल के पीछे रहने वाले राजकुमार सैनी और उसकी पत्नी पिंकी सैनी के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा है, जिसके चलते दोनों अलग-अलग रहते हैं। राजकुमार और पिंकी के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिन्हें माता-पिता का प्रेम एक साथ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में दो बच्चे पिता के साथ रह रहे हैं जबकि सबसे छोटी बच्ची मां के साथ रह रही है। मां का प्यार पाने के लिए तड़प रही बड़ी बेटी खुशी सैनी अपने छोटे भाई के साथ मंगलवार को महिला थाना पहुंची और यहां महिला थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री को पूरी बात बताई। बच्चों की पहल पर माधवी अग्निहोत्री ने राजकुमार और पिंकी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को महिला थाना बुलाया और एक साथ बैठाकर बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने मनमुटाव दूर करने की सलाह दी। थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री की समझाइश पर माता-पिता एक साथ रहने को तैयार भी हो गए, जिसके बाद मासूम बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

## पीसी पटेल कंपनी निगाही में रोजगार की माँग को लेकर डीबीएल कंपनी निगाही के पूर्व कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय के सामने बैठे अनिश्चिकालीन हड़ताल पर

**सिंगरौली।** दिलीप बिल्डिकान कंपनी निगाही के पूर्व कर्मचारी लगभग 500 लोग एक साथ अपनी रोजगार की माँगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय के सामने अनिश्चिकालीन हड़ताल व धरना प्रदर्शन कर रहे है। भूख हड़ताल भी शुरू हो गई है और अनवरत जारी रहेगी। डीबीएल के पूर्व कर्मचारियों ने बताया कि कई बार हड़ताल करने पर जिला प्रशासन व कम्पनी प्रबंधन के द्वारा जो आश्वासन दिया जाता है उसका पालन नहीं किया जाता है।इस कारण सभी डीबीएल के पूर्व कर्मचारी जिला प्रशासन व कंपनी प्रबंधन पर काफी नाराज दिखे।तथा सभी जिम्मेदारों को चेताया है कि अगर दो दिन के अन्दर निर्णय नही होता है तो हम सब अपनी रोजगार की माँग को लेकर खदान मे भी अनिश्चिकालीन हड़ताल के लिए बाध्य हो जायेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।डीबीएल कर्मियों ने बताया कि हम लोग लगातार कई वर्षो से एनसीएल के निगाही खदान मे ओबी हटाने वाली कंपनी मे कार्य कर रहे है।जब



भी ओबी हटाने वाली कंपनी का कार्य खत्म होता है तो जो नई कंपनी आती है यहाँ कार्य करते है जिसमें विस्थापित, प्रभावित, स्थानीय व कई वर्षो से कार्य कर रहे कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर कंपनियां रोजगार देती रही है।

इसके पहले डीबीएल के कर्मी बीजीआर, वीपीआर, डीबीएल डेको व डीबीएल मे कार्य करते आ रहे थे।आगे डीबीएल कर्मियों ने बताया कि जिला प्रशासन से कलेक्टर, एसडीएम के आदेश के वावजूद भी पीसी पटेल कंपनी के द्वारा खुलेआम उल्लघंन करते हुए यहाँ नेताओ के दलाली के कारण भर्तीया नही कर रही है। आगे डीबीएल के कर्मचारियों ने बताया कि हम लोगो के द्वारा दो बार अनिश्चिकालीन हड़ताल कि गई थी लेकिन एसडीएम के समझौते के आधार पर हड़ताल खत्म कर लिये थे तथा पीसी पटेल कंपनी प्रबंधन के द्वारा डीबीएल के तीन सौ लोगो को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन पीसी पटेल कंपनी के द्वारा एक भी लोगो की भर्ती नही की गई है और न ही लिखित दे रहा है। जिला प्रशासन से एसडीएम के द्वारा कहाँ गया था कि जाँच कर भर्ती की जाएगी। डीबीएल के कर्मचारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारी मिलकर पीसी पटेल कम्पनी व एनसीएल का कार्य बाधित करेंगें।आगे डीबीएल कर्मियों ने कहा कि प्रशासन के द्वारा अपने ही आदेश का पालन नही करा पाने के कारण कर्मचारियों मे रोष है। आगे डीबीएल के कर्मचारियों बताया कि पीसी पटेल कंपनी के द्वारा एक भी नई भर्ती नही की जा रही है जिला प्रशासन के द्वारा जाँच के नाम सिर्फ व सिर्फ ढकोसला किया जा रहा है।आगे डीबीएल के कर्मचारियों ने बताया कि अगर भूख हड़ताल के द्वारान कुछ भी घटना घटित होती है।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की जनसुनवाई

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वर्मा ने प्रत्येक फरियादी की सुनी समस्या

### राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिये निर्देश




**सिंगरौली।** शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला सिंगरौली के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रुस्तमजी कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान, श्री पी.एस. परस्ते, नगर पुलिस अधीक्षक विध्यनगर, श्रीमती प्रिंयका शर्मा, महिला थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई श्री शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला सिंगरौली द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतों का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने श्रीमती प्रियंका शर्मा, महिला थाना प्रभारी से शिकायतों की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

